तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026



13 परामर्शदात्री बैंकर्स कमेटी की बैठक में ऋण की स्वीकृति





14 प्रेम और सद्भावना से मनाएं होली का पर्व कानून व्यवस्था बनाए रखने में करें सहयोग






## खबर संक्षेप

### किसानों को आज होगा धान की अंतर राशि का भुगतान

**दुर्गूकोंदल।** राज्य शासन की कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025-26 के धान की अंतर राशि का भुगतान 28 फरवरी शनिवार को किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे तहसील परिसर में आयोजित होगा। किसानों को 3100 प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि का सीधा भुगतान किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र टेकाम, देवलाल नरेटी, जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### वृद्ध की हुई मौत कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत सरंगपाल निवासी 65 वर्षीय बृजलाल सलाम पिता स्व. फुलसाय सलाम का 19 फरवरी को मौत हो गया। पुलिस की माने तो मृतक का अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गया। मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज से पहले महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए गढ़चिरौली के झाड़पापड़ धनोरा निवासी 65 वर्षीय सियाबाई कोटवाल पति मनसाराम का 25 फरवरी को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका को इलाज के लिए अस्पताल में लाए थे। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने परीक्षण कर बताया कि उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### साय सरकार की कृषक हितैषी नीति से किसानों की होली बनेगी खास

# होली से पूर्व सरकार का रंग- किसानों के संग

# 92 हजार किसानों को मिलेगा 372.67 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

होली के पावन पर्व से ठीक पहले छत्तीसगढ़ सरकार की कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत कांकेर जिले के किसानों के लिए बड़ी राहत भरी सौगात सामने आई है। जिले के 92 हजार से अधिक किसानों के चेहरों पर इस समय खुशी की मुस्कान है, क्योंकि उनकी मेहनत का सम्मान करते हुए आज 28 फरवरी को अंतर राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है। यह केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत और समर्पण को दिया गया सम्मान है।

- कृषक उन्नति योजना से होली के पहले किसानों के जीवन में घुलेंगे खुशियों के रंग

कांकेर जिले में इस खरीफ सीजन के दौरान कुल 92,493 किसानों ने अपना धान समर्थन मूल्य पर बेचा। इन किसानों से कुल 50 लाख 98 हजार 696 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इस उपज के बदले राज्य शासन द्वारा लगभग 372.67 करोड़ रुपये की अंतर राशि का भुगतान आज किसानों के खातों में किया जाएगा। होली से पहले मिली यह राशि किसानों के लिए त्योहार की सौगात बन गई है, जिससे वे न केवल अपने पारिवारिक दायित्वों को सहजता से निभा सकेंगे, बल्कि आगामी खेती की तैयारी भी मजबूती से कर पाएंगे। ब्लॉकवार आंकड़ों पर नजर डालें तो कोयलीबेड़ा विकासखंड की बांदे समिति में सर्वाधिक 3,190 किसानों से 2,30,694.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई, जिसके लिए 1,686.38 लाख रुपये की अंतर राशि निर्धारित की गई है। इसी विकासखंड की कापसी ⏭ शेष पेज 12 पर







### विष्णुदेव सरकार के सुशासन का कमाल

अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कृषक उन्नति योजना के माध्यम से किसानों को जो आर्थिक संबल मिल रहा है, वह उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा। पारदर्शी व्यवस्था के तहत सीधे खातों में राशि पहुंचाना सुशासन का उदाहरण है। यह राशि किसानों के परिवारों के लिए त्योहार की खुशियों को दोगुना करेगी और खेती-किसानी में नई उम्मीद जगाएगी।

### किसानों के लिए खुशियों का रंग लेकर आएगी

कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि कृषक उन्नति योजना के तहत दी जा रही यह अंतर राशि न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति देगी। होली के रंगों से पहले खातों में पहुंच रही यह राशि कांकेर जिले के किसानों के लिए खुशियों का रंग लेकर आई है। साय सरकार की यह पहल निश्चित रूप से किसानों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

### साय सरकार ने दिखाई संवेदनशीलता

क्षेत्र के किसानों ने कहा कि होली से पहले अंतर राशि का भुगतान यह दर्शाता है कि सरकार किसानों के सुख-दुख को समझती है और समय पर सहयोग देने के लिए संवेदनशील है। जिले की 70 समितियों को यह आंकड़ा है।

| समिति | किसान | धान की मात्रा (क्विंटल) | अंतर राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| अंतगाढ़ | 1648 | 58075.20 | 424.53 |
| आमाबेड | 1889 | 85023.60 | 621.51 |
| ताड़ोकी | 1288 | 56340.00 | 411.84 |
| पोडगांव | 691 | 24570.80 | 179.61 |
| भैसासुर | 1108 | 59320.00 | 433.63 |
| सरंडी | 828 | 38034.00 | 278.03 |
| ईच्छापुर | 620 | 34330.40 | 250.96 |
| कांकेर | 1375 | 65177.60 | 476.32 |
| नाथियानवा. | 1213 | 55580.00 | 406.24 |
| पटौद | 1192 | 65851.60 | 481.32 |
| पीढापाल | 1400 | 79672.80 | 581.22 |
| बागोडार | 1099 | 61130.80 | 446.41 |
| बारदेवरी | 1586 | 83983.20 | 613.92 |
| मरकाटोला | 2120 | 131542.80 | 961.57 |
| मालगांव | 1032 | 54930.80 | 401.19 |
| ऐसेबेडा | 1655 | 85980.00 | 628.51 |
| कापसी | 3750 | 185311.20 | 1354.62 |
| कोयलीबेड़ा | 1972 | 99872.40 | 730.08 |
| कोरेनार | 1068 | 76825.60 | 561.60 |
| गोंडाहुर | 844 | 45470.80 | 332.39 |
| चारगांव | 619 | 26234.00 | 191.77 |
| छोटेबेठिया | 1433 | 115057.60 | 841.07 |
| पखांजुर | 3401 | 165173.20 | 1207.42 |
| पीव्ही 16 | 737 | 39594.40 | 289.43 |
| पीव्ही 26 | 1187 | 52280.80 | 382.18 |
| बडगांव | 1165 | 80955.20 | 591.79 27 |
| बांदे | 3190 | 230694.80 | 1686.38 |
| बारदा | 1085 | 66964.40 | 489.51 |
| संगम | 937 | 58038.80 | 424.26 |
| उंकारी | 1232 | 65282.80 | 477.22 |
| कोटतरा | 1608 | 93690.80 | 684.88 |
| खरथा | 801 | 42298.00 | 309.20 |
| चारामा | 1840 | 85225.20 | 622.86 |
| टांहकापार | 711 | 42632.00 | 311.64 |
| डोकला | 1127 | 49414.40 | 361.21 |
| पण्डरीपानी | 863 | 48458.00 | 354.23 |

| समिति | किसान | धान की मात्रा (क्विंटल) | अंतर राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| पुरी | 1976 | 126544.80 | 925.04 |
| लखनपुरी | 2490 | 132501.20 | 967.23 |
| लिलेझर | 765 | 42882.80 | 313.47 |
| शाहवाड़ा | 817 | 41264.00 | 301.61 |
| हल्बा | 1477 | 75237.20 | 549.89 |
| हाराडुला | 1293 | 70881.60 | 518.15 |
| कोडेकुर्से | 1582 | 154379.20 | 1128.51 |
| कोदापाखा | 625 | 44109.20 | 322.44 |
| चिखली | 786 | 67862.40 | 496.08 |
| दमकसा | 1808 | 84025.20 | 614.23 |
| दुर्गकोंदल | 1575 | 93988.40 | 687.05 |
| लोहत्तर | 462 | 20913.20 | 152.88 |
| हाटकोंदल | 907 | 46684.40 | 341.26 |
| अभनपुर | 629 | 34302.40 | 250.75 |
| अमोड़ा | 1887 | 102921.20 | 752.29 |
| उमरादाह | 688 | 35475.20 | 259.32 |
| कुरना | 923 | 48305.60 | 353.11 |
| घोटियावाही | 869 | 54885.20 | 401.21 |
| दुधावा | 1185 | 68638.80 | 501.66 |
| दबेना | 1369 | 76874.00 | 561.95 |
| नरहरपुर | 1066 | 52946.00 | 387.04 |
| बुदेली | 1442 | 69786.80 | 510.14 |
| बादल | 789 | 44190.80 | 323.03 |
| बासनवाही | 1388 | 86564.00 | 632.78 |
| बिरनपुर | 1366 | 72233.60 | 528.02 |
| सरोना | 2203 | 120840.40 | 883.13 |
| आसुलखार | 748 | 36703.20 | 268.30 |
| केंवटी | 1140 | 57729.20 | 422.00 |
| कोरर | 1523 | 92336.00 | 674.97 |
| बैजनपुरी | 1210 | 71134.80 | 520.00 |
| भानुप्रतापपुर | 1559 | 79351.20 | 580.06 |
| भानबेड़ा | 831 | 39691.60 | 290.15 |
| संबलपुर | 1703 | 92240.80 | 674.28 |
| हाटकर्रा | 1098 | 51254.40 | 374.62 |
| कुल योग | 92,493 | 50,98,696.80 | 37,267.20 |

# खाद्य व औषधि विभाग ने 11 किलो गुणवत्ताहीन मिठाइयां नष्ट कराई

**कांकेर।** जिले में होली पर्व एवं आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण का कार्य किया जा रहा है तथा अनियमिता पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

- अमानक खाद्य पदार्थ बेचने वाले 7 व्यापारियों को नोटिस जारी

इस दौरान जिले की मिठाई दुकानों एवं किराना दुकानों तथा विभिन्न खाद्य विनिर्माता प्रतिष्ठानों



का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कांकेर, चारामा, भानुप्रतापपुर, कोयलीबेड़ा, अंतागढ़, नरहरपुर आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया एवं खाद्य प्रतिष्ठानों से मिठाइयां, पनीर, दूध, दही, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, सूजी, मैदा आदि का सैंपल जांच के लिए लिया गया। सैंपलिंग के दौरान अमानक खाद्य ⏭ शेष पेज 12 पर


हरिभूमि

कार्यालय कांकेर में भर्ती

पत्रकारिता के क्षेत्र में सुनहरा अवसर

रिक्त पद

सीनियर रिपोर्टर - 01 पद

समाचार लेखन में 3-4 वर्ष का अनुभव अनिवार्य

जूनियर रिपोर्टर - 01 पद

समाचार लेखन में 1-2 वर्ष का अनुभव आवश्यक

संपर्क करें - 7000955574





## खबर संक्षेप

### अधेड़ ने जहर खाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 8 चाणक्यपुरी निवासी 55 वर्षीय संतोष विश्वास पिता स्व. कालाचंद विश्वास ने जहर खकर 25 फरवरी को जान दे दी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने जहर का सेवन कर लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। मृतक ने जहर किन कारणों से खाया यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सेवानिवृत्त पर जनपद में शोरी को दी गई विदाई



**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सहायक ग्रेड-दो पद पर पदस्थ कन्हैयालाल शोरी के 38 वर्षों के दीर्घ एवं समर्पित सेवाकाल के पूर्ण होने पर 27 फरवरी को जनपद पंचायत के सभा कक्ष में भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद परिवार के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उनके योगदान को याद करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी।

कन्हैयालाल शोरी ने वर्ष 1988 में आदिम जाति कल्याण विभाग में सहायक ग्रेड-3 के पद पर अपनी शासकीय सेवा प्रारंभ की थी। उन्होंने दंतेवाड़ा, कांकेर तथा दुर्गूकोदल सहित विभिन्न स्थानों पर कार्य करते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में दक्षता, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया। पदोन्नति प्राप्त कर वे सहायक ग्रेड-2 के पद तक पहुंचे और आज इसी पद से सेवानिवृत्त हुए। विदाई समारोह में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे सदैव जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस अवसर पर जनपद परिवार की ओर से श्रीफल, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया।

### स्टेडियम के कमरे में मिली युवक लाश

**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत फरसगांव नगर के स्टेडियम में स्थित कमरे में शुक्रवार की सुबह एक युवक की लाश मिली। सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। कमरे में युवक बुझे हुए आग के राख के किनारे मुँह के बल पड़ा हुआ था। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान फरसगांव निवासी दिनेश नेताम पिता लखमु नेताम के रूप में की। घटना की जानकारी परिजनों के दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर पहचान कर लिए। जांच पंचनामा की कार्रवाई के बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर मर्ग कायम कर बारीकी से जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था, जो चखना दुकान में रहकर झाड़ू पोछा का काम करता था, और वह घर नहीं आता था। नगर में स्टेडियम ग्राउंड में स्थित एक कमरे में ही रहता था।

### कलेक्टर ने किया पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने आज महात्मा गांधी वार्ड स्थित पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के समस्त स्टाफ की बैठक लेकर शिक्षण कार्य, विद्यार्थियों की प्रगति तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने पीएम श्री योजना के निर्धारित 21 मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तीन दिवस के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था लागू करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। साथ ही पेयजल सुविधा एवं स्वच्छता की स्थिति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में साफ–सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश प्राचार्य और संबंधित अधिकारियों को दिए।

### मुख्य चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी

# सुरक्षित और सौहार्द्रपूर्ण होली मानाने के लिए शांति समिति की बैठक में बनाई गई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में मनाने के उद्देश्य से शांति समिति की विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग, नगर पंचायत प्रतिनिधि, व्यापारी संघ, विभिन्न समाजों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

बैठक में कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, आपातकालीन तैयारियां, स्वच्छता व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम गंगाधर वाहिले ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का पर्व है, नागरिकों से अपील की कि किसी के साथ जबरदस्ती रंग न लगाएं तथा जो व्यक्ति होली नहीं खेलना चाहता, उसकी भावनाओं का सम्मान करें। सभी धर्मों और समुदायों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करते हुए शहर में शांति का वातावरण बनाए रखें। एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ने बताया कि होली के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। मुख्य चौक-चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब पीकर वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने और हुड़दंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। थाना प्रभारी परमेश्वर देशमुख ने कहा कि ट्रक एवं भारी वाहन मालिक सड़क पर वाहन खड़े न रखें। यदि कोई ट्रक खराब अवस्था में सड़क पर पाया गया तो उसे होली से पूर्व तत्काल हटाया जाएगा, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। ट्रांसपोर्टर अपने ट्रकों को व्यवस्थित स्थान पर खड़ा करें। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अव्हान किया कि नशा कर वाहन न चलाएं, हुल्लड़बाजी से बचें और अपने परिवार के युवाओं को भी संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें।

नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौड़ ने कहा कि नगर पंचायत द्वारा होली के पूर्व और पश्चात विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। पेयजल आपूर्ति, नालियों की सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। होली उल्लास और उमंग का पर्व है, लेकिन हमें अनुशासन और मर्यादा का भी पालन करना चाहिए। नगर की स्वच्छता और यातायात व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, यह हमारा शहर है, इसे सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रशासन द्वारा बताया गया कि होली के दौरान फायर ब्रिगेड एवं एंबुलेंस को अलर्ट मोड में रखा जाएगा, ताकि किसी भी अनहोनी की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। स्वास्थ्य सेवाएं भी सक्रिय रहेंगी।

बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष गजानन डडसेना, पार्षद विजय धामेचा, पंकज वाधवानी, निशा तिवारी, भगवान सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खपर्दे, सम्बलपुर सरपंच अनीता रावटे, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, नरोत्तम चौहान, प्रेस क्लब सचिव अभिषेक पाण्डेय, व्यापारी संघ अध्यक्ष राकेश रमानी, सचिव विशाल आहूजा, अनूप चौधरी, अंशुल जोशी, मुस्लिम समाज अध्यक्ष फूरखान अहमद, वरिष्ठ व्यवसायी अनंत गोपाल कोठारी सहित गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहें।

## कोरर लैंपस में सहकारी शिक्षण प्रशिक्षण का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित उत्तर बस्तर कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में आदिवासी सदस्य सहकारी शिक्षा योजना अंतर्गत जिले के लेंपस कोरर में धान खरीदी संग्रहण केंद्र पर कोरर लेंपस प्राधिकृत अधिकारी भाऊराम कोसम के उपस्थिति में सहकारी शिक्षण प्रशिक्षण किया गया।

प्रशिक्षण वर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित संभागीय कार्यालय जगदलपुर के जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक विवेक पांडे द्वारा लेंपसके उपस्थित कृषक सदस्यों को सहकारिता के अर्थ, महत्व, सिद्धांत के साथ-साथ सहकार से समृद्धि के लिए भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा किए जा रहे 54 पहलो पर विशेष कर जो पहल लेंपस सहकारी संस्था के माध्यम से कृषक सदस्यों के लिए किए गए हैं पर विस्तार से ज्ञान कराया गया। प्रशिक्षण वर्ग में प्राधिकृत अधिकार भाऊराम कोसम द्वारा सहकार से समृद्धि के पहल को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं देश के सहकारिता मंत्री अमीतशाह की सोच को दूरदर्शी एवं भविष्य में देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला माना।

प्रशिक्षण के दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की योजनाओं पर रमेश नरेटी शाखा प्रबंधक सीसीबी द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। वहीं सहकारी समिति के गठन पर जिला सहकारी संघ कांकेर की प्रबंधक किरण कावडे ने जानकारी प्रदान की वर्ग को सफल बनाने में लेंपस प्रबंधक महेन्द्र कुमार टाडिया, जिला संघ के कर्मचारी बिरमा मण्डावी व संघ के रोमांचल पानीग्राही का सहयोग रहा।

## दुर्गूकोंदल के पालक–बालक-शिक्षक सम्मेलन में मिला एक दिनी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



ब्लॉक मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय में पालक बालक शिक्षक सम्मेलन के संदर्भ में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत अप्रैल माह के निर्धारित अधिगम लक्ष्यों की प्रभावी प्राप्ति को केंद्र में रखकर आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता को मजबूत करने, विद्यालय–पालक सहभागिता को बढ़ावा देने तथा छात्रों के अधिगम स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने इस बात पर विशेष बल दिया कि प्रारंभिक कक्षाओं में पढ़ने, लिखने और गणना की आधारभूत दक्षताओं का विकास ही आगे की शिक्षा की मजबूत नींव है। कार्यक्रम में खंड श्रोत समन्वयक लतीप कुमार सोम ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिगम लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति एवं नियमित मूल्यांकन पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर किशोर कुमार विश्वकर्मा, हेमंत भावसार, मिथलेश सोनी, ऋषिकेश पटेल, बालकान दर्रो, पुनीत उसेंडी एवं योगेश मरकाम ने उद्देश्य, लक्ष्य तथा इसमें पालकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि यदि अभिभावक घर पर बच्चों के साथ नियमित अध्ययन-अभ्यास में सहयोग करें तो अधिगम परिणामों में उल्लेखनीय सुधार संभव है। प्रशिक्षण में गतिविधि आधारित शिक्षण, सतत मूल्यांकन, तथा बच्चों के सीखने में आने वाली चुनौतियों की पहचान और समाधान पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित समन्वयकों ने अपने-अपने संकुल स्तर पर सम्मेलन को प्रभावी बनाने और अप्रैल माह के अधिगम लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का संकल्प लिया।

## सेलेगांव में मजदूरों को कार्यस्थल पर ही जीरामजी एक्ट की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर




भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के तत्वाधान में ग्राम पंचायत सेलेगांव में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विकसित भारत गारंटी फार रोजगार और अजीविका मिशन ग्रामीण वीबीजीरामजी अधिनियम 2025 के तहत ग्राम सेलेगांव में कार्यस्थल पर जाकर मजदूरों को जीरामजी के बारे में विस्तार से बताया गया।

जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवारों और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करते हुए ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाना है। जीरामजी के तहत ग्राम सभा के प्रस्ताव के बाद नाली पुल पुलिया सीसी रोड भवन ऐसे सभी कामों को शामिल किया गया है, जिसमें गांव के मजदूर भाई बहनों को अधिक से अधिक रोजगार मिले। वीबीजीरामजी के प्रभारी एवं मंडल महामंत्री जय शिवना की अगुवाई में कार्यक्रम रखा गया, जिसमें मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने बताया इस अधिनियम के तहत अब प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वित्तीय वर्ष में 25 /26 में 125 दिनों की मजदूरी गारंटी का अधिकार मिलेगा जो पहले 100 दिन था। बढ़ी हुई मजदूरी 01 अप्रैल से 261 रुपए प्रतिदिन तक की मजदूरी निर्धारित की गई है। मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक या अधिकतम 15 दिनों के भीतर अनिवार्य कीया गया है, देरी होने पर मुआवजे का प्रावधान है। काम के चार प्रमुख क्षेत्र हैं। जल सुरक्षा, ग्रामीण बुनियादी ढांचा, आजीविका अवसंरचना, और चरम मौसम से सुरक्षा। खेती के मौसम बुवाई/कटाई को देखते हुए 60 दिनों की विराम अवधि का विकल्प, ताकि किसान खेती के साथ काम भी कर सकें। कार्यों की वास्तविक समय ट्रैकिंग के लिए जिओ-टैगिंग और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण का उपयोग। यह योजना ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने और आजीविका को अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से लाई गई है और साथ ही भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगा। यही विजन लेकर देश के प्रधानमंत्री का 2047 का विजन जो विकसित भारत विजन को गति देगा। देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के हित के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी किसानों के लिए अपने राज्य सरकार के बजट में बहुत कुछ दिया है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा, भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री शंकर यादव, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री जयना तारम, मंडल उपाध्यक्ष चउत राम उयके, मंडल कोषाध्यक्ष रोहित साहू, युवा मोर्चा के जिला मंत्री राजेश पाण्डेय, किसान मोर्चा के जिला मंत्री रणजीत सिंह राठौर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कृष्ण कुमार शुक्ला, सेलेगांव उपसरपंच सुदामा पटेल, दिलीप चुरंगिया, उमेंद्र गावड़े उपस्थित रहे।

**नए नियम में 100 की जगह 125 दिनों का कार्य मिलेगा**

## मनरेगा कार्यों का निरीक्षण कर नए नियम लागू होने की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत चीजगांव के आश्रित ग्राम रानीडोंगरी आमापारा में मनरेगा चल रहे मनरेगा कार्य को देखने एवं 1 अप्रैल से नए नियम लागू होने की जानकारी देने विकसित भारत ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंध में भाजपा मंडल किसान मोर्चा के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता कार्य स्थल पहुंचे और वहां पर उपस्थित कार्य कर रहे ग्रामीण किसानों से चर्चा विचार विमर्श करते हुए जन चौपाल लगाई गई।

राज्य का बजट के संबंध में लोगों को बताया गया और जो कुछ मनरेगा कार्य में त्रुटियां थीं उसे 1 अप्रैल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सुधार किया गया है, बीजी रामजी में नए नियमों का प्रधान 100 दिन की जगह 125 दिन का कार्य मिलेगा, यदि भुगतान में लंबित होगा उसका ब्याज आपको दिया जाएगा, साथ ही आपके ग्राम पंचायत के अंतर्गत जो भी विकास कर सुकृति होकर आएंगे वह विकसित भारत रोजगार ग्रामीण आजीविका के अंतर्गत चाहे सीसी रोड हो पुल हो नाली हो प्रधानमंत्री आवास हो, जो भी आपके गांव में पंचायत में काम स्वीकृत होगा उसको विकसित भारत रोजगार ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्य कराया जाएगा, अब मशीनरी काम नहीं होगा और इससे कहीं ना कहीं कार्य की गुणवत्ता भी अच्छी रहेगी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी यही विजन लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 का जो विकसित भारत का सपना है। वे धीरे-धीरे अग्रसर बढ़ रहा है। देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों के लिए बहुत सारी योजनाएं देश में शासन स्तर पर लॉन्च किए हैं, प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी किसानों के लिए अपने राज्य सरकार के बजट में बहुत कुछ दिया है, इन्हीं सब कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के दिशा निर्देश एवं जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हेमेंद्र बंटी दर्रो के मार्गदर्शन में जिले के सभी मंडलों के जहां-जहां मनरेगा का कार्य चल रहा है। वहां पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के कार्यकर्ता पहुंच रहे हैं और लोगों से सीधा संवाद जन चौपाल लगाकर कर रहे हैं, इसी कड़ी में आज प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रचार प्रसार सह मंत्री नरोत्तम सिंह चौहान, भाजपा किसान मोर्चा जिला के उपाध्यक्ष संदीप बुलचा ठाकुर, भाजपा जिला किसान मोर्चा के मंत्री शैलेंद्र सिंह पुनिया, भाजपा किसान मोर्चा कोषाध्यक्ष भीखम आर्दे उपस्थित रहें।

## 33वीं वाहिनी ने सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए की सार्थक पहल

**अंतागढ़।** वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 33 वीं बाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय गरीब एवं असहाय नागरिकों को आवश्यक सहयोग प्रदान कर उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल करना रहा।



क्षेत्र के निवासियों को दैनिक कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के लिए दूर-दराज तक आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए ग्रामवासियों के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहल न केवल उनकी आवागमन की समस्या को कम करने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि समय की बचत, आर्थिक राहत मिलेगी। साइकिल मिलने से विशेषकर छात्र-छात्राओं, श्रमिकों एवं महिलाओं को अपने कार्यस्थल एवं विद्यालय तक पहुँचने में सुविधा प्राप्त होगी। इस सामाजिक प्रयास के माध्यम से ग्रामीणों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने तथा उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यह आयोजन सामुदायिक सहयोग, संवेदनशीलता और जनकल्याण की भावना का उत्कृष्ठ उदाहरण है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि 33वीं वाहिनी कमांडेंट प्रियव्रत शर्मा तथा 33वीं वाहिनी के अन्य अधिकारीगण भी वहा मौजूद रहे। कमांडेंट ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य सुरक्षा बलों और स्थानीय नागरिकों के बीच आपसी विश्वास एवं सहयोग को मजबूत करना है। उन्होंने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

### आकाश झूला से मीना बाजार की रौनक बढ़ी, दूर-दूर से पहुंचे व्यापारी

## दुर्गूकोंदल में चार दिवसीय मेला शुरू उल्लास और आस्था का दिखा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल



विकासखंड मुख्यालय दुर्गूकोंदल का बहुप्रतीक्षित चार दिवसीय मेला शुक्रवार से विधिवत प्रारंभ हो गया। परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ आंगादेव, डांग, सिरहा, गायता और पटेल द्वारा मेला स्थल की परिक्रमा कर शुभारंभ किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों और मंगल ध्वनियों के बीच मेले का आगाज हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल छा गया।

मेले में इस वर्ष मनोरंजन के विविध साधन लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। आकाश झूला, ड्रैगन झूला, ब्रेक डांस, चक्री झूला, जंप और मिक्की माऊस जैसे झूले बच्चों और युवाओं को रोमांचित कर रहे हैं। रंग-बिरंगी रोशनी और ऊंचे झूलों की रौनक दूर से ही लोगों को आकर्षित कर रही है। इसके अलावा दूसरी ओर बर्तन, कपड़ा, खिलौना, मनिहारी, प्लास्टिक सामान और मीना बाजार की दुकानें भी सज चुकी हैं। दूर-दूर से आए व्यापारियों ने अपने स्टॉल लगाए हैं, जहां ग्रामीणों की अच्छी-खासी भीड़ देखी जा रही है। स्थानीय हस्तशिल्प और घरेलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित इस मेले को लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण परिवारों के साथ बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में मेले का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। मेले ने न केवल सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखा है, बल्कि स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा दिया है। मेला परिक्रमा और शुभारंभ के अवसर पर जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, सरपंच शकुंतला नरेटी, जनपद सदस्य राजू विकास नायक, बिदेसिंग कल्लो, शिरो कोमरे, रामचंद्र कल्लो, जिला मीडिया प्रभारी दीपक पुड़ो सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ग्राम गायता मानुराम दुग्गा, ग्राम पटेल, लालजी दुग्गा, पुजारी नरेंद्र जैन तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में मेला स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़ को नियंत्रित करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए प्रमुख स्थानों पर जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है ताकि मेला शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

पेज 11 के शेष

### होली से पूर्व सरकार का...

समिति में 3,750 किसानों को 1,354.62 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। कांकेर विकासखंड की मरकाटोला समिति भी अग्रणी रही, जहां 2,120 किसानों को 961.57 लाख रुपये की अंतर राशि मिलेगी। दुर्गकोंदल ब्लॉक की कोंडे समिति के 1,582 किसानों को 1,128.51 लाख रुपये प्राप्त होंगे, वहीं नरहरपुर विकासखंड की सरोना समिति में 2,203 किसानों को 883.13 लाख रुपये की राशि सीधे खातों में अंतरित की जाएगी। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि जिले के हर हिस्से में किसानों को व्यापक स्तर पर लाभ पहुंचाया गया है।

### खाद्य व औषधि विभाग...

पदार्थों को मौके पर तत्काल नष्ट कराया गया। इस दौरान 11 किलोग्राम से अधिक की मिठाइयां जिनमें पेड़े, कलाकंद, मोतीचूर लड्डू, खोया आदि शामिल हैं का विनष्टीकरण करवाया गया व संबंधित व्यापारियों को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी भी दी गई। इस दौरान विभिन्न व्यापारियों को कुल 07 नोटिस तत्काल सुधार के लिए जारी किए गए तथा विभिन्न खाद्य पदार्थो लड्डू, कलाकंद, सूजी, तेल, नमकीन, बर्फी, रसगुल्ला, मलाई पेड़ा, काजू कतली का नमूना प्राप्त कर परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भी भेजा गया।

**उपभोक्ताओं से की अपील :** विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से यह अपील की गई है कि बाजार में बिकने वाले खुले व अमानक खाद्य सामग्री का उपयोग करने से बचे। इसके अलावा अधिक रंगयुक्त मिठाईयों के उपयोग से बचें और मार्केट से कोई भी खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले उसका लेबल जांचकर उसके निर्माण एवं उपयोग की तिथि अवश्य देखकर खरीदें। किसी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता या अन्य अनिमियतता होने पर विभाग को जानकारी प्रदाय करें, इस पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

## खबर संक्षेप

### स्वर धारा मानस परिवार को मिला दूसरा स्थान



**गीदम।** एकल अभियान द्वारा रायपुर में आयोजित सत्संग प्रतियोगिता में स्वर धारा मानस परिवार पेंटा जिला दंतेवाड़ा को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। स्वर धारा मानस परिवार पेंटा ने अपनी प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया और दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने अपनी गायन और प्रस्तुति कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्वर धारा मानस परिवार पेंटा के सदस्यों को सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कार प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई दी गई और उन्हें आगे के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

### चार जिलों में संशोधित गाइडलाइन दरें लागू

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ में 20 नवम्बर 2025 से नवीन गाइडलाइन दरें लागू की गई हैं। राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को निर्देश जारी किए गए थे कि स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के अनुसार गाइडलाइन दरों में संशोधन संबंधी प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जा सकते हैं। उक्त निर्देशों के अनुरूप दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा तथा बलरामपुर-रामानुजगंज जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन प्रस्तावों पर विचार हेतु महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलों से प्राप्त प्रस्तावित गाइडलाइन दरों का परीक्षण कर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समग्र परीक्षण के पश्चात केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा एवं बलरामपुर-रामानुजगंज जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान किया गया। केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित नवीन गाइडलाइन दरें उपरोक्त चारों जिलों में 27 फरवरी 2026 से प्रभावशील हो गई।

### मॉकड्रिल सत्र में 165 विद्यार्थियों ने की सहभागिता



**लोहण्डीगुड़ा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल लोहंडीगुड़ा में तीसरी बटालियन नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स , मुंडाली कटक द्वारा कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों के लिए आपदा प्रबंधन विषय पर एक जागरूकता एवं मॉक ड्रिल सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 165 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन कमांडर आनंद कुमार एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। टीम ने विद्यार्थियों को बाढ़, अग्निकांड, सड़क दुर्घटना, भूकंप जैसी विभिन्न आपात परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा एवं बचाव के उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। मॉक ड्रिल के माध्यम से छात्रों को आपदा के समय संयम, सतर्कता और त्वरित निर्णय लेने की महत्ता समझाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र ठाकुर , विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे, सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# महिलाओं का उद्यमिता में बढ़ता रूझान, स्टार्टअप में बना रही पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





बस्तर जैसे वन संपन्न क्षेत्र में महिलाओं की उद्यमिता अब नई दिशा ले रही है। इस क्रम में गीदम विकासखंड के अंतर्गत महिलाओं ने उद्यमिता विकास प्रशिक्षण से प्रेरित होकर शुरू हुए स्वरोजगार के नवाचार प्रारंभ किए है। इस क्रम में महिला उद्यमी रेणु पोटाम ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम से प्रेरित होकर अपनी टीम महिला सहायता समूह के साथ मिलकर पत्तल एवं दोना निर्माण का व्यवसाय शुरू करने का संकल्प लिया है। यह पहल न केवल स्वरोजगार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में भी सराहनीय प्रयास साबित हुआ है। सुश्री रेणु पोटाम ने इस संबंध में बताया कि उन्होंने हाल ही में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के प्रदर्शन को उन्नत और प्रोत्साहित करने की योजना के अंतर्गत आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस योजना में छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम को नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले में यह प्रशिक्षण चाइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा, उद्योग विभाग दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्वरोजगार के अवसर, व्यवसाय प्रबंधन, बाजार विश्लेषण, लागत निर्धारण, ब्रांड निर्माण तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी प्रशिक्षण से प्रेरित होकर रेणु पोटाम ने स्थानीय वन उपज से प्राप्त साल एवं अन्य पत्तों से पर्यावरण अनुकूल पत्तल और दोना निर्माण का कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया। वे आगे बताती है कि बस्तर क्षेत्र में वन संपदा की प्रचुरता के कारण कच्चे माल की उपलब्धता सहज है।

पत्तों से बने ये उत्पाद प्लास्टिक के बेहतर विकल्प के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। उनका उद्देश्य इन उत्पादों को स्थानीय बाजार के साथ-साथ पारिस्थितिकी पर्यटन और पारिस्थितिकी खाद्य पर्यटन से जोड़ना है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिल सकें।

## समन्वय से विकास की दिशा में बड़ा कदम

# परामर्शदात्री बैंकर्स कमेटी की बैठक में ऋण की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री बैंकर्स कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रमुख बैंक एवं संबंधित शासकीय विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड की

- **डिजिटल सुरक्षा व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा**

प्रगति, वित्तीय समावेशन की स्थिति तथा जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव, शिकायत निवारण तंत्र की प्रभावशीलता एवं जागरूकता अभियानों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत स्तर पर सेवा क्षेत्र के अनुरूप बैंक शाखाओं के संचालन, बैंक क्रेडिट लिंकेज समूहों द्वारा खोले गए खातों तथा समूह बीमा योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त दोहरी प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को और मजबूत बनाने पर भी बल दिया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने निर्देश दिए कि जिले की सभी बैंक शाखाएं ऋण प्रकरणों का समयबद्ध स्वीकृति एवं निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से व्यक्तिगत एवं सूक्ष्म उद्यमियों के प्रकरणों का त्वरित वितरण करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के स्वीकृत प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ शीघ्र दिलाया जाए। साथ ही मत्स्य पालन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों को अधिकाधिक प्रकरण बैंक शाखाओं में भेजने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों, स्वरोजगारकर्ताओं एवं छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता मिल सके। बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लंबित ऋण प्रकरणों के शीघ्र निपटान के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे अपने बीसी स्टाफ को सुशासन एक्सप्रेस के अंतर्गत प्रत्येक नियद नेल्लानार शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रखें, ताकि अधिक से अधिक बचत खाते खोले जा सकें। उन्होंने कहा कि नियद नेल्लानार क्षेत्र में प्रत्येक परिवार का कम से कम एक बैंक खाता होना चाहिए, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंच सके। इसके अतिरिक्त जिले की सभी बैंक शाखाओं को बीसी बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वय, सतत निगरानी एवं पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है और सभी विभागों एवं बैंकों को मिलकर कार्य करना होगा।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नम्रता चौबे, आरबीआई के एलडीओ सदानंदा बास्के, एलडीएम अमित कुमार एक्का सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जिले के सभी बैंक शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। यह बैठक जिले में वित्तीय समावेशन, स्वरोजगार प्रोत्साहन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# शिक्षकों व पालकों का हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश व जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय शिक्षकों, प्रधान पाठकों एवं दिव्यांग छात्रों का पालकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी कार्यालय के प्रशिक्षण भवन जगदलपुर जिला-बस्तर में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत के साथ किया गया। इस प्रशिक्षण में 7 विकासखण्डों से जिसमें 55 प्रारंभिक स्तर के शिक्षक 55, उच्च प्राथमिक स्तर के 55, कुल 165 दिव्यांग छात्र व उनके पालकों बीआरपी व अटेन्डर कुल 180 लोगों ने सहभाग लिया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने समावेशी शिक्षा दिव्यांगछात्रों के अधिकारों, संवेदनशील बनाना, पाठ्यक्रम अनुकूलन, कक्षा रणनीतियों, सहायक उपकरणों, आईसीटी का उपयोग, क्षमता निर्माण करना, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की जानकारी दी गई एवं 21 प्रकार की दिव्यांगता से परिचय कराया गया। दिव्यांग छात्रों की कक्षा में उपस्थिति पर चर्चा की गई तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अवधारणा से अवगत कराया गया। इसके साथ दिव्यांग प्रमाण-पत्र व शासन की एवं समग्र शिक्षा की योजना पर जानकारी प्रदान की गई। अंतिम चरण में शिक्षकों व अभिभावकों ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कलेक्टर, जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी का सहयोग व जिला मिशन समन्वयक अशोक पाण्डे समावेशी शिक्षा प्रभारी राजेश त्यागी, डॉ. मतिउर रहमान, फिजियोथेरेपिस्ट बीआरपी सुरेश गुप्ता, चन्द्रशेखर नायडू, तेजमणी दास, अचिंत्य दास, वंदना जैन, रोहित जाधव व स्पेशल एजुकेटर सचिन कुर्रे का सराहनीय सहयोग रहा।

# बीज मंडई में 500 से अधिक किसानों की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



जिले के ग्राम झोड़ियाबाड़म स्थित रीपा केंद्र मे पारंपरिक बीज मंडई का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भूमगादी एवं निर्माण संस्था के मिरेकल मिलेट कार्यक्रम तथा कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस दौरान जिले के चारों विकास खंडों के 100 से अधिक गांवों से आए लगभग 500 से अधिक जैविक किसानों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

बीज मंडई में पारंपरिक अनाज, दलहन, तिलहन, सब्जी, कोदो, कोसरा, कंद-मूल एवं अन्य स्थानीय फसलों के बीजों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। जैविक जिला के रूप में पहचान बना चुके दंतेवाड़ा में किसानों ने जैविक आदान सामग्री, बीज संरक्षण एवं रखरखाव की पारंपरिक तकनीकों के संबंध में भी अन्य कृषकों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने पारंपरिक बीजों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और जैविक खेती को अपनाकर धरती को विषमुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि सूरज पंसारी, भूमगादी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश बढ़ावे सहित निर्माण संस्था एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे और किसानों को पारंपरिक खेती पद्धतियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में किसानों ने कोसरा चावल से बने पारंपरिक जैविक व्यंजन "मांद्राभात" का स्वाद लिया तथा इसके पोषण महत्व की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर टेकनार की किसान तुलसी बाई नाग को जैविक श्री विधि से धान उत्पादन में जिले में सर्वाधिक 56 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादकता प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र एवं आम का पौधा देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही अन्य उन्नत जैविक कृषकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, जैविक किसान एवं जैविक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन के अंत में किसानों ने जंगल एवं खेतों में आगजनी की घटनाओं को रोकने और जैविक खेती को निरंतर बढ़ावा देने का सामूहिक संकल्प लिया।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कलेक्टर ने शॉल श्रीफल व पेंशन प्रमाण पत्र देकर किया सम्मान



**बीजापुर।** जिले के शिक्षा विभाग एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कलेक्टर संबित मिश्रा ने शॉल, श्रीफल एवं पेंशन प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में शिक्षा विभाग से बुधराम कुड़ियम प्रधान पाठक एवं मज्जी दामोदर प्रधान पाठक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अन्थ्रेस खलखो हैंडपंप तकनीशियन तथा कावटी शंकर भृत्य शामिल रहे। कलेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि इन कर्मचारियों ने लंबे समय तक निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ शासकीय सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव और कार्यशैली आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। जिला कोषालय अधिकारी महावीर प्रसाद टंडन सहित जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने एबीईओ ने शालाओं का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन में एबीईओ बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा ब्लॉक बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाइस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओं का लगातार निरीक्षण व मोनिटरिंग किया जा रहा है। इसी क्रम में उनके द्वारा दूरस्थ अंचल स्थित शालाओं तक पहुंचकर शालाओं के निरीक्षण के साथ-साथ शिक्षकों से सतत सम्पर्क कर शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त व कसावट लाने प्रयास किये जा रहे है। अंचल की शाला, संकुल करला कोंटा के अंतर्गत प्राथमिक शाला देउरगांव माध्यमिक शाला करला कोंटा प्राथमिक शाला करला कोंटा, प्राथमिक शाला छेन्डीपारा व प्राथमिक, माध्यमिक आश्रम शाला देउरगांव, संकुल बड़ेचकवा के अंतर्गत प्राथमिक माध्यमिक पराली सहित हाइस्कूल व हायरसेकंडरी बड़ेचकवा का भी निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला के बच्चों से अक्षर ज्ञान की जानकारी ली गई । वही माध्यमिक शाला के बच्चों से महापुरुषों के नाम ,पहाड़ा व अंग्रेजी में सप्ताह के नाम के बारे में पूछा गया। कुछ बच्चों ने ही हाजिर जवाब दिया लेकिन अधिकांश बच्चे कमजोर पाए गए । स्थिति सुधारने प्रभारी को समझाइस दी गई ।

संकुल पराली की प्राथमिक व माध्यमिक शाला का गहन अवलोकन किया गया। वही प्राथमिक शाला ओनडार मुंडी की 5वी का छात्र ने धाराप्रवाह 17 तक का पहाड़ा सुनाया जिससे अधिकारी द्वारा प्रभावित होकर काफी प्रशंशा कर परितोशीत किया गया। वही संकुल बड़ेचकवा के माध्यमिक शाला में 6वी 7वी व 8वी के बच्चों से सतत सम्पर्क कर बच्चों के गुणवत्ता के स्तर का आकलन किया स्तर आशा के अनुरूप पाया गया। यहां पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध है। बच्चों को पहाड़ा का ज्ञान सन्तोषप्रद पाया गया। सामान्य ज्ञान सही सही पाया गया। यहां प्रभारी सहित संकुल समन्वयक के कार्यो की सराहना अधिकारी द्वारा की गई। फिर अधिकारी द्वारा हाई व हायर सैकंडरी बड़ेचकवा पहुचकर 9वी व 10वी के बच्चों से रूबरू होकर विज्ञान व गणित विषय पर आधारित प्रश्न पूछे गए जिस पर अधिकांश बच्चों ने जवाब सही दिया कुछ बच्चे कमजोर पाए गए। वही प्रयोगशाला कक्षा का भी अवलोकन किया गया। यहां एमबीयू शिविर में अपडेशन का कार्य प्रगति पर पाया गया।

हाइस्कूल में एक्टिविटी के माध्यम से पूछे गए सवालों के जवाब सुनकर अधिकारी द्वारा पारितोषित भी किया गया। अपने भ्रमण के दौरान सभी शालाओ में अध्यापकों की डेली डायरी व मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही चखना पंजी व बारह खड़ी व पहाड़ा के चार्ट की भी जांच किया गया।

डेली डायरी संधारित की जा रही है, थोड़ी बहुत जो कमियां पाई गई, उसे सुधारने हेतु मेरे द्वारा समझाइस दी गई। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उनका सतत निरीक्षण नियमित जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान उनके साथ उपस्थित संकुल समन्वयको की भी डेली डायरी का अवलोकन किया गया।

# एनएसएस स्वयं सेवक का हुआ बस्तर पुलिस में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

राष्ट्रीय सेवा योजना शाऊमा विद्यालय छिंदबहार के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी ने बताया कि धन साय कश्यप जो सत्र 2022 में ए प्रमाण पत्र परीक्षा पास किया था। वह एन एस एस इकाई का उप महादल नायक भी रहा वो राष्ट्रीय सेवा योजना की हर गतिविधि में सक्रियता से शामिल रहा। उसने मुलाकात के दौरान बताया कि



मैं वर्ष 2025 की पुलिस भर्ती में चयनित हुआ हूं। ये पल गौरवान्वित करने वाला था। उन्होंने कहा कि आपका मार्गदर्शन और सहयोग से संभव हुआ है। एन एस एस में जुड़ने से ही मेरे अंदर व्यक्तित्व विकास हुआ। देश सेवा की भावना जागृत हुआ और मैने अपने काबिलियत को जाना । सात दिवसीय शिविर से मैं अनुशासित हुआ और समय प्रबंधन सिखा। बौद्धिक परिचर्चा में अतिथियों के वक्तव्यों ने मुझे लक्ष्य तय करने और उसकी प्राप्ति हेतु लगातार मेहनत करने और मुझे कभी हार न मानने का सीख मिला।

धन साय कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी सर जी के मोटीवेशन से मैं प्रेरित हुआ। भर्ती प्रक्रिया के दौरान मार्गदर्शन और जरूरी संसाधन भी उपलब्ध कराए। मैं सभी छात्रों से कहना चाहूंगा कि एन एस एस से जरूर जुड़ें नियमित गतिविधि और बैठकों में अपना समय दें। सभी निर्देशों का पालन करें और ए प्रमाण पत्र जरूर प्राप्त करें जो आपको बोनस अंक प्राप्त करने में सहयोग करेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना हमेशा अपने उद्देश्य और लक्ष्यों को पूरा करते हुए। स्वयं सेवकों का व्यक्तित्व विकास करने में सहायक है।

## देशी चिकन की जगह सर्वे टीम को बॉयलर चिकन परोसा गया, फिर फोन पर अधिकारी ने की बदतमीजी

# नाराज शिक्षकों ने आंदोलन दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

प्रशासनिक रौब रुतबा इतना कि दंतेवाड़ा में पदस्थ सहायक भू लेख अधिकारी गोवर्धन साहू ने तेलंगाना एवं अन्य प्रांत के आंतरिक रूप से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के प्रयोजन से निकले दल के साथ भोजन में देशी चिकन की जगह बायरल चिकन परोसने की बात को लेकर फोन पर अभ्रद अमर्यादित भाषा में और नौकरी से बाहर निकलवाने की धमकी देने का आरोप सर्वे दल की टीम ने लिखित में शिक्षक संघ और दंतेवाड़ा कलेक्टर की है. जिसके बाद कलेक्टर ने सहायक भू लेख अधिकारी पर लगे आरोपो के लिये कारण बताओ नोटिस भी जारी कर दिया है। छग सरकार बस्तर से रोजगार व अन्य कारणों से बाहर प्रान्तों में बसे लोगो के लिये एक सर्वे कार्य करवा रही है। इसी सर्वे कार्य मे दंतेवाड़ा जिले से 12 दल के 38 कर्मचारियों लगाया गया था. जिन्हें तेलंगाना जाकर सर्वे करना था. जिसके लिये प्रत्येक वाहन को 12 हजार रुपये शासन की तरफ से ईंधन व्यय और भोजन खर्च के लिये दिये जाने थे.यही बात बिगड़ी दंतेवाड़ा से निकले दलों को पहले ईंधन खर्च और भोजन व्यवस्था के लिये पैसे नही दिये गये। और जब दिया भी गया तो मात्र 5हजार रुपये दिया गया। इसके बाद कोंटा में दंतेवाड़ा से पहुँचे हुये दल के लिये रात्रि विश्राम और भोजन की व्यवस्था की गई थी. जिसमें देशी चिकन भी बनना था पर देशी चिकन की जगह बायरल चिकन और पतली दाल परोसने के साथ भारी अव्यवस्था की बात करते हुये शिक्षकों ने इसका विरोध किया तो सहायक भू-लेख अधिकारी ने जमकर एक शिक्षक के साथगाली गलौज कर दी जिसका वीडयो साक्ष्य भी शिक्षकों ने बना लिया।

शिक्षकों ने हटाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। इस बात से आहत शिक्षकों ने सम्बंधित अधिकारी पर वैधानिक और प्रशासनिक कार्यवाही की मांग उठाते हुये हटाने की मांग की है नही तो आन्दोलन कि चेतावनी भी शिक्षक अधिकारी के विरुद्ध करने की बात कह रहे है।

अधिकारी गोवर्धन साहू ने अपनी सफाई में कहा कि कुछ सदस्यों के द्वारा शराब पीकर देशी चिकन और शराब की मांग की गई थी. जो कि शासन के पैसों से खर्च नही किया जा सकता था.अगर मैं अशोभनीय भाषा में कहा है तो वह भवावेश में आकर कह दिया होगा।

# अस्पताल की बदहाल व्यवस्था सुधारने कांग्रेस ने दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल कर्मा के निर्देशानुसार जिला सचिव रजत दहिया के नेतृत्व में गीदम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कई गंभीर खामियां सामने आईं। पिछले 9 महीनों से जांच सेवाएं बंद हैं, एक्स-रे एवं ईसीजी मशीन खराब पड़ी है, नियमित एमबीबीएस डॉक्टर उपलब्ध नहीं हैं तथा मरीजों को समुचित सुविधा नहीं मिल पा रही है। अस्पताल में पानी की भी गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी हो रही है। जिला सचिव रजत दहिया ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की ऐसी स्थिति बेहद चिंताजनक है। मरीज इलाज के लिए आते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 10 दिनों के भीतर सभी स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ करने, नियमित एमबीबीएस डॉक्टर की पदस्थापना सुनिश्चित करने, खराब मशीनों को सुधारने एवं पानी की समस्या दूर करने की मांग की है। यदि 10 दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उग्र जनआंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान जनपद सदस्य मड्डा राम वेक, आईटी सेल जिला सचिव, मीडिया प्रभारी ऋषभ सुराना, ब्लॉक सचिव अरुण मंसूरे, मंडल अध्यक्ष रोशन पवार, बलदेव सोढ़ी, विवेक यादव एवं विक्की उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## जनपद की बैठक में 42 प्रकरणों का निराकरण



**दुर्गूकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सभाकक्ष में निकासी बैठक का आयोजन किया गया। विकासखंड अंतर्गत कुल 14 ग्राम पंचायत आमाकड़ा, बांगाचार, चाउरगांव, गोड़पाल, कराकी, करकापाल, कोडेकुर्से, कोण्डे, मेडो, पर्रेकोडो, पेडावारी, सिंहारी, सिवनी एवं तरहुल के सरपंच, सचिव और रोजगार सहायकों ने बैठक में भाग लिया। निकासी बैठक के दौरान मनरेगा से संबंधित कुल 42 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## होली पर्व के उपलक्ष्य में शुष्क दिवस घोषित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा आगामी 04 मार्च होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जाएगा) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने इस दिन जिले की समस्त देशी, विदेशी प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, फुटकर दुकान से संलग्न अहातों एवं एफ.एल.4 (क) व्यावसायिक क्लब व एफ.एल.7, सैनिक कैन्टीन को पूर्णतः बंद रखे जाने के लिए आदेशित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने शुष्क दिवस के दौरान जिले में जांच दल गठित कर अवैध मदिरा संग्रहण, विनिर्माण, परिवहन व विक्रय पर पूर्णतः नियंत्रण सुनिश्चित करने का आदेश जिला आबकारी अधिकारी को दिए हैं।

## चैंबर्स की जिला इकाई का आज शपथ ग्रहण समारोह

**कांकेर।** छग चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला ईकाई कांकेर का नवनिर्वाचित पदाधकारियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 28 फरवरी को शाम 7 बजें 3 फ्लोर सिटी सेंटर कांकेर में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छग चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, अध्यक्षता संरक्षक छग चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज श्रीचंद सुंदरानी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कोषाध्यक्ष छग चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज निकेश बरडिया, चेयरमेन छग चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज गोपाल कृष्ण अग्रवाल, वाईस चेयरमेन छग चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष छग चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज राजेश वासवानी, कार्यकारी अध्यक्ष छग चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज जसप्रीत सिंह सलूजा उपस्थित रहेंगे।

### कलेक्टर और एसपी की उपस्थिति में शान्ति समिति की बैठक हुई

# प्रेम और सदभावना से मनाएं होली का पर्व कानून व्यवस्था बनाए रखने में करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर एवं पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा की मौजूदगी में आयोजित की गई।

- रंग पंचमी, ईदुल फितर, चेट्रीचंड एवं गुड़ी पाड़वा, रामनवमी, महावीर जयंती आदि पर्वों की होगी धूम

कलेक्टर ने कहा कि नगरवासियों द्वारा आगामी होली पर्व, रंग पंचमी, ईदुल फितर, चेट्रीचंड एवं गुड़ी पाड़वा, रामनवमी, महावीर जयंती, अम्बेडकर जयंती, गुड फ्राइडे, माता कर्मा जयंती, चैतरई जैसे महत्वपूर्ण त्यौहार मनाए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी सभी समुदाय के लोग परस्पर मिल-जुलकर त्यौहार मनाएं तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस व जिला प्रशासन का सहयोग करें।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि ज्यादातर घटनाएं नशे की हालत में तथा अवांछित हुड़दंग जैसे स्थिति में घटित होती हैं। ऐसी स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए सभी वर्गों को आपस में सहयोग हेतु आगे आना चाहिए। कलेक्टर ने हर्ष और उल्लास के साथ सामाजिक समरसता और सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सभी वर्ग के त्यौहारों का आनंद लेने की बात कही। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान किसी प्रकार की प्रतिकूल परिस्थिति निर्मित न हो, इस पर अनिवार्य रूप से ध्यान दें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्यौहार मनाने के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाएं रखें, ताकि किसी प्रकार की प्रतिकूल परिस्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि स्पीड बाइकिंग एवं प्रेशर हॉर्न वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर पुलिस द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 94791-55125 पर तत्काल संपर्क करें या वीडियो-फोटो भेजें, पुलिस इसे संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करेगी। उन्हांने कहा कि नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, साथ ही धार्मिक स्थलों का ध्यान रखते हुए डीजे आदि का साउंड निर्धारित सीमा में ही रखें। उन्होंने एसपी ने मौजूद जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ नागरिकों को कानून व्यवस्था के दायरे में रहकर त्यौहार मनाने की अपील भी की।

आयोजित बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, नगरपालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, प्रशिक्षु आईपीएस प्रतीक, डीएसपी मोहसिन खान सहित विभिन्न समुदाय के प्रतिनिधि, पार्षदगण, नागरिक, मीडिया प्रतिनिधिगण तथा संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### रंग पंचमी पर हो पानी का इंतजाम

बैठक में मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने सड़क किनारे दुकानें नहीं लगाने तथा होली और रंग पंचमी के दिन टैंकर से अतिरिक्त जलापूर्ति करने का सुझाव दिया। नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने यातायात व्यवस्था सुचारू करने तथा जबरदस्ती रंग लगाने वालों पर कार्यवाही करने की बात कही। इसके पहले, एसडीएम अरूण वर्मा ने एजेण्डावार जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी व्यक्ति पर बिना अनुमति के रंग-गुलाल न लगाएं तथा यथासंभव मुखौटों का उपयोग न करें। किसी भी प्रकार की जबरिया चंदा वसूली न की जाए। बाइक पर दो से अधिक सवारी न हों और नशे की स्थिति में वाहन कदापि न चलाएं। उन्होंने यह भी कहा कि होलिका दहन के लिए खुले स्थान का चयन करें तथा किसी निजी अथवा शासकीय सम्पति को नुकसान न पहुंचाया जाए। परीक्षार्थियों एवं विशेष तौर पर धार्मिक स्थल पर आने-जाने वाले लोगों पर रंग-गुलाल न डाला जाए और साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा निर्धारित समय व नियत डेसिबल में ही करें। इसी तरह बिना पुष्टि के फेक अथवा भ्रामक पोस्ट, खबरों को सोशल मीडिया में साझा न करें। किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन इस दौरान न करें।

# भाजपा महिला मोर्चा ने बसस्टैंड में राहुल गांधी का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर कांकेर के पुराना बस स्टैंड में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। राष्ट्रीय नेतृत्व के अव्हान और प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देश पर आयोजित इस प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष रुक्मणी हुईके के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं।

- कांग्रेस के अमर्यादित प्रदर्शन पर जताया कड़ा विरोध

महिला मोर्चा ने आरोप लगाया कि इंडिया एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस द्वारा इम्पैक्ट सिस्टम में किया गया अर्धनग्न एवं अभद्र प्रदर्शन न केवल सामाजिक मर्यादाओं के विरुद्ध है, बल्कि इससे महिला समाज की गरिमा को ठेस पहुंची है। कार्यकर्ताओं का कहना था कि इस प्रकार की गतिविधियां देश की छवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर धूमिल करने का प्रयास हैं। प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और उन्हें इस घटना का मुख्य जिम्मेदार ठहराया गया।

पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि महिला अस्मिता के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी कांग्रेस की कथित ओछी राजनीति का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, लेकिन राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। धरना-प्रदर्शन में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, पूर्व जिला अध्यक्ष उमा शर्मा, जिला महामंत्री विजयलक्ष्मी कौशिक, मीरा सलाम, सरिता कुलदीप, जयश्री सिन्हा एवं जिला मंत्री दिनेश्वरी, सहित शकुंतला जैन, निधि संचेती, कुमारी साहू, संतोषी सिन्हा, अंजू नेगी, आरोही यादव, माहेश्वरी यादव, मंजू सारथी और मोनिका वटी सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की सक्रिय सदस्याएं शामिल हुईं।

# दुर्गूकोंदल बिहान समूह की महिलाओं ने जिमीकंद उत्पादन से बढ़ाई आमदनी

**दुर्गुकोंदल।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के अंतर्गत संचालित बिहान समूह की महिलाओं ने वन ब्लॉक वन एक्टिविटी पहल के तहत जिमीकंद उत्पादन में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। समूह की महिलाओं ने लगभग 3,170 रुपए की लागत से कुल 1,054 क्विंटल जिमीकंद का उत्पादन किया, जिसकी बिक्री से लगभग 43,950 रुपए की आमदनी अर्जित की गई। यह पहल महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।



विकासखंड दुर्गुकोंदल के क्लस्टर हाटकोंदल, दुर्गुकोंदल एवं पेडावारी से जुड़े स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने सामूहिक रूप से जिमीकंद की खेती कर न केवल उत्पादन बढ़ाया, बल्कि स्थानीय बाजारों में उसकी प्रभावी बिक्री भी सुनिश्चित की। शादी-विवाह, जन्म संस्कार तथा अन्य पारिवारिक आयोजनों में जिमीकंद की मांग को ध्यान में रखते हुए महिलाओं ने बाजार की जरूरत के अनुरूप उत्पादन किया। विकासखंड के लोहत्तर, डडईखेड़ा, बागाचार, पाउरखेड़ा, कोड़े, पेडावारी, दमकसा, भुरसातरहुल, तरहुल, नवागांव और हानपतरी सहित विभिन्न ग्रामों में जिमीकंद का उत्पादन कर स्थानीय बाजारों में विक्रय किया गया। इससे ग्रामीण महिलाओं को अपने गांव के आसपास ही रोजगार का अवसर मिला और अतिरिक्त आय का स्त्रोत भी विकसित हुआ। बीपीएम नंदिनी दीवान ने बताया कि विकासखंड में बिहान समूह के अंतर्गत लगभग 1,100 स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन समूहों की महिलाएं कृषि आधारित गतिविधियों के साथ-साथ होटल संचालन, किराना दुकान, ग्राहक सेवा केंद्र और अन्य लघु व्यवसायों के माध्यम से अपनी आय में निरंतर वृद्धि कर रही हैं। वन ब्लॉक वन एक्टिविटी की अवधारणा के तहत प्रत्येक विकासखंड में स्थानीय संसाधनों और मांग के अनुसार एक प्रमुख गतिविधि को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## 6530 रुपए नकद एवं एक बाइक किया जब्त और जुआरी गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना चारामा क्षेत्र के ग्राम हिंगनझर में नाले के पास खुले स्थान पर ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे चार आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। आरोपियों के पास से नगदी रकम, ताश के पत्ते और अन्य सामग्री जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को चारामा पुलिस को



मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम हिंगनझर के नाला किनारे कुछ लोग 52 ताश के पत्तों पर रुपए-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी। घेराबंदी कर की गई रेड कार्रवाई के दौरान चारों आरोपियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। मौके पर कोटतरा निवासी 36 वर्षीय देवराज सिंहा पिता सेवाराम सिंहा, बागडोंगरी निवासी 36 वर्षीय गजेन्द्र सिंह मंडावी पिता मोहन मंडावी, परसोदा निवासी 39 वर्षीय चंचल ठाकुर पिता मेहपत सिंह ठाकुर तथा गितपहर निवासी 48 वर्षीय खेमन लाल सेवता पिता अंजोर सिंह सेवता को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 6,530 रुपए नगद, ताश के 52 पत्ते, हरे रंग का नेट तथा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 6201 जब्त की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ एक्ट की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी सुरेश राठौर ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है।

# वीबी-जी राम जी योजना 2026 से गांव व पंचायतें बनेंगी आत्मनिर्भर

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम घोड़बत्तर में जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर द्वारा आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में उत्साह और सहभागिता का अनोखा संगम देखने को मिला। इस संगम में भाजपा संगठन प्रमुखों ने वीबी-जी राम जी योजना 2026 के नवीन प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि यह योजना केवल रोजगार तक सीमित नहीं, बल्कि गांवों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का व्यापक प्रयास है।



कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांव, गरीब और किसान का सशक्तिकरण है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जल संरक्षण, खेत समतलीकरण, तालाब निर्माण, ग्रामीण सड़क सुधार और सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन कार्यों से न केवल रोजगार सृजित होगा बल्कि गांवों की आधारभूत संरचना भी मजबूत होगी। उन्होंने आगे कहा कि 2026 के नए प्रावधानों में रोजगार के अवसरों का विस्तार, मजदूरी भुगतान में पारदर्शिता, समयबद्ध भुगतान और कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पंचायतों को अधिक अधिकार दिए जा रहे हैं ताकि वे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार कार्यों का चयन कर सकें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजना में पंजीयन कराकर अधिकाधिक लाभ उठाएं।

मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने सरल छत्तीसगढ़ी भाषा में योजना की विशेषताएं समझाते हुए कहा कि इससे ग्रामीण परिवारों को स्थायी आय का स्त्रोत मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अधिक कार्य दिवस और गांव में ही रोजगार मिलने से पलायन पर रोक लगेगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। गिरधारी नरेटी ने भी जनभागीदारी को सफलता की कुंजी बताते हुए युवाओं और किसानों से सक्रिय सहयोग की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में जनपद पंचायत के सीईओ चुरेंद्र सर एवं स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में उपस्थित ग्रामीणों ने योजना को उपयोगी बताते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया और गांव के समग्र विकास में सहभागी बनने का संकल्प लिया।




# जिले के 7930 श्रमिक हुए योजनाओं से लाभान्वित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के निर्देशानुसार श्रमिक सम्मेलन 2026 का आयोजन सामुदायिक भवन अंतागढ़ में किया गया। श्रमिक सम्मेलन में जिले के कुल 7930 श्रमिकों जिसमें मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना में 101 हितग्राहियों को 20 लाख 20 हजार, मिनीमाता महतारी जतन योजनांतर्गत 89 महिला हितग्राहियों को 17 लाख 80 हजार, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना में 50 हितग्राहियों को 2 लाख 59 हजार, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजनांतर्गत 28 हितग्राहियों को 5 लाख 60 हजार, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 19 श्रमिकों के उत्तराधिकारियों को 01 करोड़ 90 लाख रूपए एवं मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजनांतर्गत 4 श्रमिकों को 04 लाख रूपए, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजनांतर्गत 01 महिला हितग्राही को 01 लाख रूपये डायरेक्ट बेनीफिट ट्रान्सफर के माध्यम से प्रदाय किया गया।







## 26 लीटर देशी शराब जब्त दो कोचियों पर कार्रवाई की

**कांकेर।** कांकेर जिले में चलाए जा रहे उजियारा अभियान के तहत अवैध शराब कारोबार पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। अभियान के अंतर्गत थाना नरहरपुर और कांकेर पुलिस ने 26 फरवरी को अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध महुआ शराब जब्त की और आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।




जानकारी के अनुसार थाना नरहरपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भनसुली निवासी पीत्तम नेताम अपने घर में अवैध रूप से देशी महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम ने 26 फरवरी को घेराबंदी कर उसके घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान घर से दो सफेद रंग के जरकीन में भरी कुल 20 लीटर देशी महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 2 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने 45 वर्षीय आरोपी पीत्तम नेताम पिता मनीराम नेताम के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इसी दिन कांकेर पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए बरदेभाठा निवासी धनश्याम मंडावी पिता जयराम मंडावी के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब जब्त की, जिसकी कीमत लगभग 600 रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ भी धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।







जय झूलेलाल
जय हिंगलाज माता



जन्म 20.06.1948
स्वर्गवास 26.02.2026

स्व. मनोहर लाल मंगलानी जी

पगड़ी रस्म एवं बैठक सूचना

दिनांक - 28 फरवरी 2026, दिन शनिवार
समय - दोपहर 01:00 बजे
स्थान - सिटी सेंटर माल (होटल आनंदम कांकेर)

नोट - महिलाओं की बैठक व्यवस्था भी वही रखी गई है।

फर्म -
- जय हिंद होटल
- जय हिंद एजेंसी
- जय हिंद रेस्टोरेंट
- रूप इलेक्ट्रिकल्स
- शीतल इलेक्ट्रॉनिक्स
- मनोहर बर्तन भंडार

:: शोकाकुल ::
भाई - मेघराज मंगलानी, आनंद मंगलानी
पुत्र - महेश मंगलानी, भतीजे - रूप मंगलानी
अजय मंगलानी, नरेश मंगलानी, पौत्र - आकाश मंगलानी
सुमित मंगलानी, प्रतीक मंगलानी
करण मंगलानी, पवन मंगलानी, तन्मय मंगलानी
तनिष्क मंगलानी, स्पर्श मंगलानी, अभय मंगलानी
समस्त मंगलानी परिवार कांकेर
मो.: 7694062120

नोट - जिस किसी सज्जनों को शोक-पत्र नहीं मिल पाया हो वे कृपया इसे ही सूचना मानें